# अहमदाबाद में छात्र की चाकू से हत्या

**आपसी झगड़े में स्कूल परिसर में घटी वारदात**

**प्रेम प्रसंग में नाकामी के बाद छात्र ने किया वार**



**अहमदाबाद, 20 अगस्त. हालिया घटनाएं बता रही हैं कि देश भर में स्कूल अब सिर्फ शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि हिंसक घटनाओं के गवाह भी बनते जा रहे हैं. अलग-अलग राज्यों में तीन चौंकाने वाली वारदातों ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया.**

अहमदाबाद के खोखरा क्षेत्र स्थित सेवेंथ डे स्कूल में आठवीं कक्षा के छात्र ने दसवीं के एक छात्र को चाकू मार दिया. आपसी झगड़े में हुई इस वारदात में घायल छात्र ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. इस घटना के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने स्कूल में जमकर तोड़फोड़ की. वहीं बिहार के भागलपुर में एक कोचिंग सेंटर से पढ़ाई कर लौट रही छात्रा पर एक छात्र ने चाकू से हमला कर दिया. छात्रा के हाथ में गंभीर चोटें आई हैं और वह अस्पताल में भर्ती है. बताया जा रहा है कि यह हमला प्रेम प्रसंग में असफलता के चलते हुआ. ग्रामीणों ने आरोपी छात्र को पकड़कर जमकर पीटा, जिसे बाद में पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया. तीनों घटनाएं इस बात का संकेत देती हैं कि किशोरों में बढ़ती हिंसा, असहिष्णुता और मानसिक तनाव अब गंभीर सामाजिक बीमारी बन गई है. जिसे रोकना सभी की जिम्मेदारी है.

> उत्तराखंड के काशीपुर में गुरुनानक स्कूल के एक छात्र ने अपने शिक्षक गगन सिंह को कक्षा समाप्त होते ही तमंचे से गोली मार दी. कहीं शिक्षक पर गोली चली, कहीं छात्र की हत्या, तो कहीं छात्रा पर चाकू से जानलेवा हमला. देश के 3 अलग-अलग हिस्सों में बीते दो दिनों के भीतर छात्रों द्वारा की गई हिंसक घटनाओं ने पूरे शैक्षणिक जगत को हिलाकर रख दिया है. छात्र ने बताया कि उसे सोमवार को पढ़ाई के दौरान सही जवाब देने के बावजूद थप्पड़ मारा गया था. इसी अपमान से आहत होकर उसने बदला लेने की ठान ली और बुधवार को टिफिन कवर में तमंचा छिपाकर स्कूल पहुंचा. घटना के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई.

## मोदी ने की पटनायक के शीघ्र स्वस्थ की कामना

**नयी दिल्ली 20 अगस्त.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से बात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. पटनायक का भुवनेश्वर के एसयूएम अल्टीमेट मेडिकेयर अस्पताल में उपचार चल रहा है. बीजू जनता दल (बीजद) के सूत्रों ने बताया कि मोदी ने आज पटनायक से बात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. इस दौरान प्रधानमंत्री ने पटनायक को कुछ समय आराम करने और उनसे मिलने के लिए जल्द ही दिल्ली आने का सुझाव भी दिया. बीजद अध्यक्ष को तबीयत बिगड़ने के बाद गत रविवार शाम को भुवनेश्वर के एसयूएम अल्टीमेट मेडिकेयर अस्पताल में दाखिल कराया गया. अभी उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है.

# गुजरात बन रहा ऑटोमोटिव पावरहाउस

## 29,700 करोड़ के निवेश और मज़बूत निर्यात ने दी औद्योगिक गति

**गांधीनगर, 20 अगस्त. गुजरात पेट्रोल कारों से इलेक्ट्रिक कारों तक भारत का ऑटोमोटिव हब बन रहा है. सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि 7.5 लाख कार यूनिट प्रति वर्ष उत्पादन क्षमता वाले सुजुकी मोटर्स के गुजरात प्लांट के साथ, उत्तर गुजरात भारत के प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माण केंद्रों में से एक बन चुका है.**

ऑटोमोबाइल निर्माण के लिए यहाँ मौजूद मजबूत व अनुकूल बुनियादी ढांचा, निवेश-अनुकूल नीतियां और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति ने इस क्षेत्र को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए आकर्षक केंद्र बना दिया है. इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उत्पादन को बढ़ाने के लिए सुजुकी मोटर्स ने 3,200 करोड़ रुपये का निवेश करके अपनी चौथी प्रोडक्शन लाइन स्थापित करने की योजना की घोषणा की है. इससे न केवल उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि गुजरात में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति भी सुनिश्चित होगी. 2012 से 2015 के बीच राज्य में अंतरराष्ट्रीय ऑटोमोबाइल कंपनियों के निवेश की एक लहर देखने को मिली.

**राज्य सरकार की नीतियों से कंपनियों का भरोसा मजबूत**



ऑटोमोबाइल क्षेत्र में गुजरात में वित्त वर्ष 2022-23 में निवेश 29,700 करोड़ रुपये तक पहुंचा, जो पिछले पांच वर्षों में 16 .4 प्रतिशत की मजबूत सीएजीआर का संकेत देता है. राज्य का मांडल-बेचराजी स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन अब प्रमुख ऑटो-औद्योगिक केंद्र के रूप में उभरा है. हाल ही में सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन ने दो प्रमुख घोषणाएं भी की हैं, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी प्लांट की स्थापना , ईवी निर्माण सुविधा की स्थापना. गुजरात को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने के संकल्प के साथ राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और आकर्षक प्रोत्साहनों ने अंतरराष्ट्रीय ऑटोमोबाइल कंपनियों का भरोसा लगातार मज़बूत किया है.

# रेखा गुप्ता पर हमले ने खड़े किए कई सवाल

## मुख्यमंत्री पर हिंसक हमला, दिल्ली की राजनीति में हलचल

**नई दिल्ली, 20 अगस्त. अरविन्द केजरीवाल ने रेखा गुप्ता पर हुए हमले की निंदा की. केजरीवाल ने कहा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है.**



लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों का मतभेद और विरोध स्वीकार्य है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता. मुझे विश्वास है कि दिल्ली पुलिस उचित कार्रवाई करेगी. आशा है कि मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हों. रेखा गुप्ता पर हुआ हमला न केवल एक संवेदनशील राजनीतिक घटना है, बल्कि यह लोकतंत्र की मर्यादाओं पर भी सवाल खड़ा करता है.

> लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है, लेकिन हिंसा उसकी आत्मा के खिलाफ है. यह घटना सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती नजर आती है. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार शाम एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान अचानक हमला हुआ. हमलावर ने मंच के पास पहुँचकर पत्थर और कागज़ की भारी फाइल से वार किया, जिसमें सीएम को हल्की चोटें आईं.


## ब्रिटेन, फ्रांस यूक्रेन में सैनिक तैनात नहीं करेंगे

**मास्को, 20 अगस्त.** ब्रिटेन और फ्रांस यूक्रेन में अपने हजारों सैनिक तैनात करने का कोई इरादा नहीं है लेकिन तथाकथित इच्छुक गठबंधन यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी के लिये वैकल्पिक तरीकों पर विचार कर रहा है. द टाइम्स अखबार की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह खबर दी गयी. जिसके अनुसार इच्छुक गठबंधन यूक्रेन को हवाई और समुद्री हमलों से बचाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है. साथ ही वह यूक्रेनी सशस्त्र बलों को फिर से मजबूत करने में मदद के लिये जमीनीस्तर पर सैन्य प्रशिक्षकों को तैनात कर रहा है.

# अमेरिकी व्हाइट हाउस ने लॉन्च किया टिकटॉक अकाउंट

**वाशिंगटन, 20 अगस्त. अमेरिका में 'व्हाइट हाउस' ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर अपना टिकटॉक अकाउंट लॉन्च किया. गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा इस सोशल मीडिया ऐप को लगभग सितंबर तक नये मालिक की तलाश करने या फिर देश में प्रतिबंध का सामना करने की समय सीमा संबंधी धमकी के बीच हुआ है.**

इस अकाउंट पर मंगलवार दोपहर को पहला वीडियो पोस्ट किया गया. यह 27 सेकंड की एक क्लिप है जिसमें ट्रम्प को अपने





समर्थकों के साथ बातचीत करते हुए दिखाया गया है. इसमें 2016 के रिपब्लिकन नेशनल सम्मेलन में उनके स्वीकृति भाषण का 'ऑडियो' भी है. इस वीडियो के कुछ ही घंटों बाद अकाउंट के 57,000 से ज़्यादा 'फ़ॉलोअर्स' हो गए. जबकि पिछले साल अपने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के लिए श्री ट्रम्प द्वारा इस्तेमाल किए गए टिकटॉक अकाउंट पर 1.5 करोड़ से ज़्यादा फ़ॉलोअर्स हैं.

गौरतलब है कि अपने पहले राष्ट्रपति कार्यकाल में ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे जिसके तहत चीनी कंपनी 'बाइटडांस' के स्वामित्व वाले इस ऐप पर देश में तब तक प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी जब तक कि बाइटडांस अपना अमेरिकी परिचालन किसी अमेरिकी कंपनी को नहीं बेच देती.

> अब अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रम्प ने इस समय सीमा को दो बार क्रमशः 20 जनवरी और 4 अप्रैल को 75 दिनों के लिए बढ़ाया है. इसके बाद 19 जून को श्री ट्रम्प ने अमेरिका में टिकटॉक को 90 दिनों के लिए और चालू रखने संबंधी एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जिससे यह समय सीमा अवधि 17 सितंबर तक बढ़ गई है.

हालांकि कानूनी चुनौतियों के कारण यह आदेश लागू नहीं हो सका.

## नाइजीरिया में मस्जिद पर बंदूकधारियों के हमले में 13 लोगों की मौत

**अंबुजा, 20 अगस्त.** नाइजीरिया के उत्तरी राज्य कात्सिना में मंगलवार को नमाज़ के दौरान एक मस्जिद पर बंदूकधारियों के एक समूह द्वारा किए गए हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी. एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी है. कात्सिना के आंतरिक सुरक्षा और गृह मामलों के आयुक्त नासिर मुआज़ू ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बंदूकधारियों ने मालुमफशी में मुस्लिम बहुल उन्गुवान मंतौ समुदाय पर हमला किया और सुबह की नमाज़ के दौरान मस्जिद में नमाज़ियों पर अंधाधुंध गोलीबारी की. उन्होंने कहा कि हमलावरों के प्रतिशोध अभियान पर होने का संदेह है.

# छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल में विभागों का पुनर्गठन

**रायपुर 20 अगस्त. छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार में बुधवार को तीन नए मंत्रियों के शपथ लेने के साथ ही मंत्रिमंडल में विभागों का नया बंटवारा कर दिया गया है. नए सिरे से किए गए इस आबंटन के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव समेत सभी मंत्रियों के विभाग तय हो गए हैं.**



- **साय कैबिनेट को मिला नया स्वरूप**
- **उपमुख्यमंत्रियों को मिले अहम मंत्रालय**

विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री - सामान्य प्रशासन, खनिज साधन, ऊर्जा, जनसंपर्क, जल संसाधन, विमानन, सुशासन एवं अभिसरण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, जन शिकायत एवं निवारण तथा अन्य विभाग जो किसी मंत्री को आवंटित न हों. अरुण साव, उप मुख्यमंत्री - लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेल एवं युवा कल्याण. विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री - गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी. राम विचार नेताम, मंत्री - आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन, पशुधन विकास. दयाल दास बघेल, मंत्री - खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण. केदार कश्यप, मंत्री - वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता, संसदीय कार्य.लखन लाल देवांगन, मंत्री - वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिज्यिक कर श्रम. श्याम बिहारी जायसवाल, मंत्री - लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन. ओ.पी. चौधरी, मंत्री - वित्त, वाणिज्यिक कर आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी.

## आज का इतिहास

- 2003 संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफ़ी अन्नान ने इराक में संयुक्त शांति सेना भेजने का प्रस्ताव खारिज किया.
- 2004 उड़िया साहित्यकार सच्चिदानंद राउतराय का निधन.
- 2006 भारत रत्न से सम्मानित प्रख्यात शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्ला खान का निधन.
- 2006 इराक के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने नरसंहार ट्रायल में भाग लेने से इनकार किया.
- 2008 मून मिशन पर भारत ने नासा से हाथ मिलाया.
- 2009 मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर का निधन.
- 2012 अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कांगो में इबोला वायरस के संक्रमण से 20 लोगों की जान गई.

# बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकार का बड़ा कदम

- **नीतीश ने शुरू की 7000 रु.की डीबीटी राहत योजना**
- **12 जिलों में 456 करोड़ की राहत राशि सीधे खातों में**

**पटना, 20 अगस्त. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज वर्ष 225 में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर ( डीबीटी ) के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाता में 7 रूपये प्रति परिवार की दर से आनुग्रहिक राहत की राशि के भुगतान का शुभारम्भ किया.**

बुधवार को 12 जिलों के 06 लाख 51 हजार 602 प्रभावित परिवारों को 7000 रुपये प्रति परिवार की दर से 456 करोड़ 12 लाख रुपये का भुगतान किया गया.

मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्हें खुशी है कि आज 12 जिलों के 6 लाख 51 हजार 602 प्रभावित परिवारों को 7000 रुपये प्रति परिवार की दर से 456 करोड़ 12 लाख रुपये का भुगतान किया गया है. राज्य के खजाने पर आपदा पीड़ितों का पहला अधिकार है. कार्यक्रम के दौरान विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने जानकारी देते हुए बताया कि अगस्त माह में गंगा नदी के जलस्तर में अत्यधिक वृद्धि के कारण गंगा के किनारे स्थित 11 जिलों यथा- भोजपुर, पटना, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, खगड़िया, भागलपुर एवं कटिहार में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई.

> कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने 13 अगस्त को बाढ़ प्रभावित जिलों के साथ समीक्षा बैठक की थी और 14 अगस्त को पटना, वैशाली, बेगूसराय एवं मुंगेर जिलों के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया था. उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चलाने का निदेश दिया था. साथ ही 20 अगस्त 2025 तक बाढ़ प्रभावित परिवारों को आनुग्रहिक राहत की राशि का भुगतान शुरू करने का भी निदेश दिया था.



# दिल्ली हाईकोर्ट ने टाला फैसला

## मोदी की स्नातक डिग्री विवाद मामला

नयी दिल्ली, 20 अगस्त. **दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री विवाद से संबंधित मामले में बुधवार को अपना फैसला टाल दिया. न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की एकल पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रखा लिया था.**

उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को अदालत को रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है. उच्च न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका पर सुनवाई के बाद 23 जनवरी, 2017 को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश पर रोक लगा दी थी. सीआईसी ने 21 दिसंबर, 2016 को आवेदक नीरज को उन सभी विद्यार्थियों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जिन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से 1978 में स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी. विश्वविद्यालय का कहना है कि मोदी ने इसी वर्ष अपनी स्नातक की डिग्री प्राप्त की थी.

उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान विश्वविद्यालय का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीआईसी के 2016 के आदेश को रद्द करने की गुहार लगाई थी. मेहता ने हालाँकि, दलील देते हुए कहा था कि विश्वविद्यालय को अदालत को संबंधित डिग्री का रिकॉर्ड दिखाने में कोई आपत्ति नहीं है.

## त्रिपुरा में 5 दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी

अगरतला, 20 अगस्त. मौसम विभाग (आईएमडी) ने त्रिपुरा में आज से 25 अगस्त तक भारी बारिश होने की चेतावनी दी है. पूर्वानुमान के अनुसार, दक्षिण जिले में 21, 22 और 23 अगस्त को एक या दो स्थानों पर भारी बारिश, जबकि शेष जिलों में भी इसी अवधि के दौरान हल्की बारिश होने का अनुमान है. बारिश की तीव्रता 24 और 25 अगस्त तक और बढ़ने की उम्मीद है. दक्षिण, गोमती और सिपाहीजाला जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने का अनुमान है जबकि राज्य के अन्य जिलों में भी भारी बारिश हो सकती है. मौसम विभाग ने निचले और बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों के निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है.

# बंगाल सरकार की पुनर्विचार याचिका खारिज

## 24,000 सहायक शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द



**नयी दिल्ली, 20 अगस्त. उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में करीब 24, सहायक शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियां रद्द करने के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार और अन्य की दायर समीक्षा याचिकाएं खारिज करते हुए तीन अप्रैल, 225 का अपना फैसला बरकरार रखा.**

न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पुनर्विचार याचिकाएं खारिज कीं. पीठ इसे सुनवाई योग्य नहीं मानते हुए कहा, वस्तुतः पूरे मामले की गुण-दोष के आधार पर पुनः सुनवाई की मांग वाली ये पुनर्विचार याचिकाएं विचार करने लायक नहीं हैं.

> शीर्ष अदालत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने तीन अप्रैल को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा था, जिसमें सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में कक्षा नौ से 12 तक के सहायक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की 2016 की पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया था?. पश्चिम बंगाल अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित इस भर्ती प्रक्रिया के तहत लगभग 24,000 नियुक्तियों को उच्च न्यायालय ने अमान्य घोषित कर दिया था.

## एक नजर में



### कराची में बारिश जनित हादसों में 11 की मौत

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में बारिश जनित हादसों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गये. स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भारी बारिश के कारण कई इलाके झीलों में तब्दील हो गए और अनेक उड़ानें बाधित हुईं तथा बिजली गुल हो गई.बारिश के पानी में डूबने और करंट लगने से भी लोगों की मौत हुई है. राहत एंव बचाव विभाग के अनुसार, दक्षिणी सिंध प्रांत की राजधानी कराची में मंगलवार सुबह से हो रही भारी बारिश के बाद बिजली का करंट लगने, डूबने और दीवार गिरने की घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गयी. कराची के गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके में एक घर की दीवार गिरने से एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी. कुछ लोगों की मौत बिजली के तारों की चपेट में आने और निचले इलाकों में बाढ़ के कारण हुयी. सिंध की प्रांतीय सरकार ने बुधवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है.

### मिस्र में पुलिस ने 8 तस्करों को किया ढेर

**काहिरा.** मिस्र में काहिरा के उत्तर में नील द्वीप समूह पर पुलिस ने मादक पदार्थ और हथियार तस्करों के ठिकानों पर गोलीबारी कर 8 तस्करों को मार गिराया है. मिस्र के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी.मंत्रालय ने कहा कि इन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड था, जिसमें हत्या, नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियार रखने, सशस्त्र डकैती और वाहन चोरी की वारदातें शामिल हैं. बयान में कहा गया कि ये तस्कर मेनोफिया और कल्युबिया प्रांतों से सटे नील द्वीप समूह से अपनी गतिविधियाँ संचालित कर रहे थे अपनी गतिविधियों को सुगम बनाने के लिए स्पीडबोट का इस्तेमाल कर रहे थे और सुरक्षा बलों से बचने के लिए इलाके का फायदा उठा रहे थे.

### यमन के अदन में बाढ़ से 10 लोग घायल

**अदन.** यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में भारी बारिश के कारण मंगलवार को अचानक आई बाढ़ में 10 लोग घायल हो गए. एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है. अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण रिहायशी इलाकों में और घरों एवं व्यवसायिक इलाकों में पानी भर गया. स्थानीय निवासियों ने बताया कि बारिश के कारण यातायात भी ठप हो गया.

**जयंती दिवस** | **पीएम मोदी, खरगे, राहुल और प्रियंका गांधी समेत अन्य नेताओं ने किया नमन**

# राजीव से हमें विरासत में देशभक्ति का धर्म मिला

नई दिल्ली / कोलकाता, 20 अगस्त . पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. राजधानी दिल्ली में कांग्रेस ने वीर भूमि स्थित उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए. इस अवसर पर राजीव गांधी के योगदान को याद किया गया और उनके विचारों को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा बताया गया. प्रियंका गांधी ने भावुक होते हुए कहा, विरासत में आप से करुणा, प्रेम और देशभक्ति का धर्म मिला. राहुल और मैं, इसे निभाते रहेंगे. न कोई तोड़ पाएगा, न कोई रोक पाएगा, न कभी हमारे कदम लड़खड़ायेंगे. कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने राजीव गांधी को प्रौद्योगिकी, पंचायती राज,



महिला सशक्तिकरण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों के लिए याद किया. उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार देना, कंप्यूटरीकरण, आईटी क्रांति, और नई शिक्षा नीति जैसे कदम देश के लिए परिवर्तनकारी साबित हुए. इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट कर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने लिखा, आज उनकी जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी को मेरी श्रद्धांजलि. उन्हें प्रौद्योगिकी-संचालित सुधारों की शुरुआत करने और देश में आईटी क्रांति की नींव रखने के लिए याद किया जाता है. वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, मैं स्वर्गीय राजीव गांधी को बहुत याद करती हूं. उन्होंने भारत को कंप्यूटर और दूरसंचार क्षेत्र में नई दिशा दी.



> इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट कर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी. उन्होंने लिखा, आज उनकी जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को मेरी श्रद्धांजलि. उन्हें प्रौद्योगिकी-संचालित सुधारों की शुरुआत करने और देश में आईटी क्रांति की नींव रखने के लिए याद किया जाता है.

# मुख्तार के बेटे अब्बास अंसारी को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

प्रयागराज 20 अगस्त. उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आज माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने अब्बास अंसारी की याचिका को मंजूर कर लिया और उनको एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट मऊ से मिली 2 साल की सजा रद्द कर दी है.

बता दे कि अब्बास अंसारी ने सजा रद्द करने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी.जिस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस समीर जैन ने अब्बास अंसारी की 2 साल की सजा को रद्द कर दिया है. अब अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल हो जाएगी,इस फैसले के बाद अब मऊ की सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव नहीं होगा, हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद 30 जुलाई को अपना फैसला रिजर्व कर लिया था और उस पर आज फैसला सुनाया. वर्ष 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट मऊ ने अब्बास पर 31 मई को 2 वर्ष की सजा और 3000 जुर्माना लगाया था, इसी आधार पर 1 जून 2025 को अब्बास अंसारी की विधायकी चली गई थी जिला जज मऊ की अदालत ने 5 जुलाई को अपील खारिज कर दी थी.